Cost Accounting

Time : Three Hours] [*Max. Marks* : 100

नोट—

(i) खण्ड अ से किन्हीं तीन प्रश्नों तथा खण्ड ब से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्नानुसार अंकित हैं।

खण्ड अ

1. लागत लेखांकन क्या है ? लागत लेखांकन के उद्देश्यों एवं लाभों को बताइये।
2. सामग्री नियन्त्रण क्या है ? सामग्री नियन्त्रण के उद्देश्यों को बताइये। सामग्री नियन्त्रण एवं सामग्री मूल्यांकन में क्या अन्तर है ?
3. उपरिव्यय वितरण की विभिन्न पद्धतियों का विवरण दीजिये।
4. निम्नलिखित समंक एक कारखाने के वर्ष 2012 के लिए हैं—

	रुपए
उत्पादन 10,000 इकाइयाँ	
प्रयुक्त सामग्री	15,000
प्रत्यक्ष मजदूरी	10,000
परिवर्तनशील उत्पादन व्यय	20,000
परिवर्तनशील विक्रय व्यय	40,000
स्थिर व्यय	15,000
प्रति इकाई विक्रय मूल्य	12

यह आशा है कि वर्ष 2013 में—

(अ) कारखाने में 20,000 इकाइयों का उत्पादन होगा।

(ब) सामग्री का मूल्य $33\frac{1}{3}\%$ बढ़ जायेगा।

Scanned by CamScanner

(स) विक्रेताओं के कमीशन में वृद्धि के कारण परिवर्तनशील विक्रय व्यय की दर में 25% की वृद्धि होगी।

(द) स्थिर व्यय 5,000 रुपए बढ़ जायेगा।

गणना कीजिए—

(i) वर्ष 2013 में प्रति इकाई लागत क्या होगी ?

(ii) यदि वर्ष 2012 की दर पर लाभ बनाये रखना चाहें तो वर्ष 2013 में विक्रय मूल्य क्या होगा ?

Ans. (i) Cost per unit Rs. 6; Selling Price per unit Rs. 13.20.

5. पटेल लिमिटेड ने एक ठेका 2,40,000 रुपए में लिया। उस पर 1 जून, 2010 से कार्य आरम्भ किया। 31 मार्च, 2011 तक ठेके के सम्बन्ध में निम्न विवरण उपलब्ध हैं—

व्यय	रुपए
सामग्री	60,000
सामान्य व्यय	40,000
मजदूरी	1,12,000
संयन्त्र भेजा गया	8,000
अदत्त मजदूरी	6,000
अदत्त सामान्य व्यय	3,200
ठेका स्थल पर अवशेष सामग्री	4,000
प्राप्त धनराशि प्रमाणित कार्य का 80%	1,44,000
अप्रमाणित कार्य की लागत	16,000

संयन्त्र पर 2% प्रतिमाह ह्रास काटना है।

ठेका खाता तैयार कीजिये तथा उस पर लाभ-हानि दिखाइये।

Ans. Loss transferred to P & L A/c Rs. 22,800

6. एक गाड़ी 25 टन माल-भार के साथ स्टेशन A से प्रारम्भ करती है। यह 10 टन स्टेशन B पर उतारती है। शेष माल स्टेशन C पर उतारती है। यह 20 टन माल-भार के साथ स्टेशन C से स्टेशन A को सीधे वापस आती है। स्टेशन A से B, B से C और C से A की दूरी क्रमशः 70 किमी०, 110 किमी० तथा 140 किमी० है। निरपेक्ष टन किमी० तथा वाणिज्य टन किमी० की गणना कीजिये।

Ans. Absolute Ton Km. = 6,200; Commercial Ton Km. = 6,400.

खण्ड ब

7. प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष व्यय में अन्तर स्पष्ट कीजिये।

8. बिन पत्रक की परिभाषा दीजिये तथा इसका नमूना दीजिये।

9. उप-कार्य मूल्यांकन क्या है ? इसका क्या उद्देश्य है ?

10. मैरिक की बहुमुखी कार्यदर योजना क्या है ?

11. उपकार्य लागत विधि एवं ठेका लागत विधि में क्या फर्क है ?

Scanned by CamScanner

12. एक कारखाने में 2 सेवा विभाग I एवं II तथा तीन उत्पादन विभाग A, B एवं C हैं। अप्रैल, 2012 में विभागीय व्यय इस प्रकार हैं—

विभाग	A	B	C	I	II
रुपए	65,000	60,000	50,000	12,000	10,000

सेवा विभाग के व्यय निम्न प्रतिशत के आधार पर विभाजित होते हैं—

	A	B	C	I	II
विभाग I	30	40	15	–	15
विभाग II	40	30	25	5	–

पुनर्विभाजित विधि के आधार पर सेवा विभागों के व्ययों के बटवारे का एक विवरण पत्र तैयार कीजिये।

Ans. A Rs. 73,534; B Rs. 68,604 and C Rs. 54,862.

13. निम्नलिखित आँकड़ों से एक श्रमिक की नियुक्ति करने की आठ घण्टे के एक दिन की लागत ज्ञात कीजिये—

(अ) मूल वेतन	रुपए 2 प्रतिदिन
(ब) महंगाई भत्ता	100 से ऊपर रहन-सहन लागत सूचकांक पर प्रति प्वाइंट 25 पैसे प्रति रहन-सहन लागत सूचकांक पर। इस माह के लिए रहन-सहन लागत सूचकांक-प्वाइंट 700 है।
(स) अवकाश वेतन	10%, अ एवं ब का
(द) भविष्य निधि में नियोक्ता का योगदान	8% अ, ब एवं स का
(य) एक माह में कार्यशील दिनों की संख्या	25 दिन, आठ घण्टे प्रतिदिन

Ans. Labour Cost per man day of 8 hours = Rs. 9.50.

14. एक कारखाने में उत्पादित वस्तु तीन प्रक्रियाओं से होकर गुजरती है। अग्रलिखित विवरण से 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले माह की प्रक्रिया लागत ज्ञात कीजिए—

	प्रक्रिया		
	I (रुपए)	II (रुपए)	III (रुपए)
सामग्री	14,000	7,000	6,000
श्रम	8,000	4,000	2,000
प्रत्यक्ष व्यय	4,000	2,000	1,000

कारखाने का अप्रत्यक्ष व्यय 14,000 रुपए।

उत्पादित वस्तुओं की संख्या = 2,000 इकाइयाँ।

Scanned by CamScanner

Ans. Cost of Production : Process I Rs. 34,000, Process II Rs. 51,000 and Process III Rs. 62,000; Cost per unit : Process I Rs. 17, Process II Rs. 25.50 and Process III Rs. 31.

15. एक कम्पनी की लागत-पुस्तिका 48,000 रुपए का लाभ दर्शाती है, जबकि वर्ष में वित्तीय पुस्तक में शुद्ध लाभ 29,500 रुपए है। इस आधार पर दोनों लाभ दर्शाते हुए समाधान विवरण बनाइए—

	लागत पुस्तक (रु०)	वित्तीय पुस्तक (रु०)
कारखाना व्यय	20,000	22,000
कार्यालय व्यय	12,000	10,000
बिक्री एवं वितरण व्यय	8000	7,000
लाभांश प्राप्त	–	5,000
फर्नीचर की बिक्री पर हानि	–	1,500
आय-कर	–	5,000
ख्याति अपलिखित	–	10,000
पूँजी पर ब्याज	–	8,000

16. निम्नलिखित सूचना से मशीन संख्या 105 के लिए मशीन घण्टा दर ज्ञात कीजिए—

मशीन लागत	22,500 रुपए
अवशेष मूल्य	2,500 रुपए
मरम्मत-कार्यशील जीवन के लिए	4,000 रुपए
4 सप्ताह हेतु स्थायी व्यय	5,000 रुपए
4 सप्ताह की अवधि में चालित घण्टे	120 घण्टे
प्रभावी कार्यशील जीवन काल	10,000 घण्टे
कुल मशीनों की संख्या	40

Ans. M.H.R. Rs. 3.44.

Scanned by CamScanner